# एक्सआईएसएस: कैंपस टू कॉरपोरेट लीडरशिप टॉक में छात्रों को दिए टिप्स

रांची| जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची में कैंपस टू कॉरपोरेट लीडरशिप टॉक का आयोजन किया गया। इसमें उबर इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह और ब्रांच इंटरनेशनल इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर सुचेता महापात्रा शामिल हुए। इस टॉक में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट और मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के छात्रों को उनके करियर यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के टिप्स दिए गए। प्रभजीत सिंह ने कहा कि एक अच्छे लीडर को हमेशा दूसरों को प्रभावित करने, उनके कौशल को विकसित करने और टीम को समझने में सक्षम होना चाहिए। इसी से वे लोगों को सही दिशा में प्रभावित कर सकता है। लीडरशिप के सही मायने विषम परिस्थितियों में ही निखरकर सामने आते है, इसलिए हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। सुचेता महापात्रा ने कहा कि हमेशा कमरे में सबसे स्मार्ट व्यक्ति बनने की कोशिश न करें, बल्कि अधिक जानकारी इकट्ठा करने और निरंतर सीखने का अभ्यास करने पर ध्यान केंद्रित करें। किसी को भी हर स्थिति से सीखने और निर्णय लेने से पहले हर परिस्थिति का विश्लेषण करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मौके पर छात्र-छात्राओं ने कई सवाल भी किए।

**PRESS:DAINIK BHASKAR**

एक्सआइएसएस. कैंपस टू कॉरपोरेट लीडरशिप टॉक, प्रभजीत सिंह ने कहा

# बदलते परिवेश और परिस्थिति में ढलने को लेकर तैयार रहना होगा

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

एक्सआइएसएस रांची में सोमवार को 'कैंपस टू कॉरपोरेट लीडरशिप टॉक' का आयोजन हुआ. मुख्य वक्ता उबर इंडिया के साउथ एशिया प्रेसिडेंट प्रभजीत सिंह और ब्रांच इंटरनेशनल इंडिया की एमडी सुचेता महापात्रा थे. प्रभजीत सिंह ने कहा कि नेतृत्वकर्ता की जिम्मेदारी है कि वे अपने सहकर्मियों का लगातार आत्मविश्वास बढ़ायें. साथ ही कार्यक्षेत्र में जरूरी कौशल की जानकारी व प्रशिक्षण उपलब्ध करायें.

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बदलते परिवेश और परिस्थिति में ढलने के लिए तैयार रहना होगा.




एक्सआइएसएस रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि और विद्यार्थी.

इसमें नेतृत्वकर्ता को मजबूत रहने की जरूरत है. सुचेता महापात्रा ने विद्यार्थियों से कहा कि स्मार्ट व्यक्ति बनें, लेकिन इसके आडंबर में न फंसे रहें. इसके बदले अधिक जानकार और लगातार सीखते रहने की प्रवृत्ति रखें. हर परिस्थिति से सीखने और उसमें निर्णय लेने से पहले परिस्थिति का विश्लेषण करना जरूरी है. प्रत्येक सफलता की परिभाषा अलग होती है. टॉक शो के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से करियर संबंधी सवाल पूछे. वक्ताओं ने असफलता से निराश न होकर उससे सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम का संचालन सुचेता और धन्यवाद ज्ञापन प्रियंका रॉय ने किया. इस अवसर पर निदेशक डॉ जोसेफ मरियानूस कुजूर एसजे, डीन एकेडमिक डॉ अमर एरॉन तिग्गा समेत अन्य उपस्थित थे.

**PRESS:PRABHAT KHABAR**

# 'टीम को समझने में सक्षम होना लीडर की पहचान'

**एक्सआईएसएस**

रांची, विशेष संवाददाता। जेवियर समाज सेवा संस्थान , रांची में सोमवार को कैंपस टू कॉरपोरेट लीडरशिप टॉक, का आयोजन किया गया। इसमें उबर इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह और ब्रांच इंटरनेशनल, इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर सुचेता महापात्रा मौजूद थीं। प्रभजीत सिंह ने कहा कि एक अच्छे लीडर को हमेशा दूसरों को प्रभावित करने, उनके कौशल को विकसित करने और टीम को समझने में सक्षम होना चाहिए। लीडरशिप के सही मायने विषम परिस्थितियों में ही निखरकर सामने आते हैं।

ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट और मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के विद्यार्थियों को करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के टिप्स दिए गए। वक्ताओं ने छात्रों को सही जोखिम लेने और महत्वाकांक्षी बनने के लिए प्रेरित किया।

## 'सीखने का अभ्यास करने पर हमेशा ध्यान केंद्रित करें'

सुचेता महापात्रा ने कहा, सबसे स्मार्ट व्यक्ति बनने की कोशिश न करें, बल्कि अधिक जानकारी इकट्ठा करने और निरंतर सीखने का अभ्यास करने पर ध्यान केंद्रित करें। किसी को भी हर स्थिति से सीखने और निर्णय लेने से पहले हर परिस्थिति का विश्लेषण करने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमेशा याद रखें कि हर किसी की सफलता की परिभाषा अलग-अलग होती है और लीडरशिप में एक महिला होना और भी कठिन है, इसलिए हर किसी को असफलता से सीखना चाहिए और मजबूत होकर वापस आना चाहिए। प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों ने कॉर्पोरेट दिग्गजों से उनकी सफलता के मायने व अन्य सवाल भी पूछे।

**PRESS:HINDUSTAN**

## कैंपस टू कॉरपोरेट लीडरशिप टॉक का आयोजन

# विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित



**पंच संवाददाता**

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची, ने संस्थान कैंपस में उबर इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष, श्री प्रभजीत सिंह और ब्रांच इंटरनेशनल, इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर, सुचेता महापात्रा द्वारा कैंपस टू कॉरपोरेट लीडरशिप टॉक का आयोजन किया। इस टॉक में ह्युमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट और मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के छात्रों को उनके करियर यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के टिप्स दिए गए। सत्र की शुरूआत में दोनों वक्ताओं ने एक्सआईएसएस के मिशन और सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रोफेशनल्स के निर्माण में इसकी विशिष्टता की बहुत सराहना की और छात्रों से हमेशा विनम्रता और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने को कहा। सत्र ने छात्रों को सही रिस्क लेने और महत्वाकांक्षी बनने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उबर इंडिया और साउथ एशिया के प्रेसिडेंट, प्रभजीत सिंह ने कहा, एक अच्छे लीडर को हमेशा दूसरों को प्रभावित करने, उनके कौशल को विकसित करने, और टीम को समझने में सक्षम होना चाहिए और इसी से वे लोगों को सही दिशा में प्रभावित कर सकता है। लीडरशिप के सही मायने विषम परिस्थितियों में ही निखरकर सामने आते है।

**PRESS:PUNCH**

# प्रेसिडेंट, उबर एवं एमडी, ब्रांच इंटरनेशनल ने एक्सआईएसएस में 'कैंपस टू कॉर्पोरेट लीडरशिप टॉक' में साझा किये छात्रों के साथ कॉर्पोरेट गुर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची, ने संस्थान कैंपस में उबर इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष, प्रभजीत सिंह और ब्रांच इंटरनेशनल, इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर, सुश्री सुचेता महापात्रा द्वारा 'कैंपस टू कॉरपोरेट लीडरशिप टॉक' का आयोजन किया। इस टॉक में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंटऔर मार्केटिंग मैनेजमेंटप्रोग्रामके छात्रों को उनके करियर यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के टिप्स दिए गए। सत्र की शुरूआत में दोनों वक्ताओं ने एक्सआईएसएस के मिशन और सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रोफेशनल्स के निर्माण में इसकी विशिष्टता की बहुत सराहना की और छात्रों से हमेशा विनम्रता और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने को कहा। सत्र ने छात्रों को सही रिस्क लेने और महत्वाकांक्षी बनने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उबर इंडिया और साउथ एशिया के प्रेसिडेंट, प्रभजीत सिंह ने कहा, एक अच्छे लीडर को हमेशा दूसरों को प्रभावित करने, उनके कौशल को विकसित करने, और टीम को समझने में सक्षम होना चाहिए और इसी से वे लोगों को सही दिशा में प्रभावित कर सकता है। लीडरशिप के सही मायने विषम परिस्थितियों में ही निखरकर सामने आते है, इसलिए हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए।

**PRESS:FREEDOM FIGHTER**

# ‘Campus to Corporate Leadership Talk’ at XISS

TIMES NEWS NETWORK

**Ranchi:** Xavier Institute of Social Service (XISS) Ranchi organized a ‘Campus to Corporate Leadership Talk’ for students from Human Resource Management, Rural Management, Financial Management and Marketing Management programmes on ways to excel in their professional journey.

Addressing the students president, Uber India and South Asia, Prabhjeet Singh, said, “A good leader must always be able to influence others, make them build a skill, give others what they want and understand the team.”



TOI

Participants of the event at XISS Ranchi

Managing director Branch International India Sucheta Mahapatra advised, “Do not always try to be the smartest person in the room, rather be focused on gathering more information and practise continuous learning. One should be ready to learn from every situation and analyse every circumstance before taking a decision. Being a woman in leadership is even more difficult. One should learn from the failure and bounce back stronger.”

Both appreciated XISS mission to build socially responsible professionals and asked the students to always continue with humility and hardwork.

A question and answer session followed in which students asked the corporate bigwigs about their version of success, how to keep going even after the ambition is fulfilled and how to cope with failures. The XISS director, dean academics and faculty members were also present on the occasion.

**PRESS:TIMES OF INDIA**